हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 6 मई 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

**तापमान**
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

2 मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा विवेकानंद कॉलेज



**बवासीर का आधुनिक इलाज**
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
**गुप्ता हॉस्पिटल**
**डॉ. शुभम् गुप्ता**
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
**7400009183**

## खबर संक्षेप

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर 8 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा है कि जीवन के लिए एक-एक बूंद खून का बड़ा महत्व है, ऐसे में 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर पर पहुंचकर अधिक से अधिक नागरिक रक्तदान कर आम लोगों के जीवन बचाने में योगदान दें। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष महेन्द्र बैद, उपाध्यक्ष गीता राजवाड़े ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि इस कार्य में भाग लेकर श्रक्तदान महादान को सफल बनाएं।

### पीईटी और पीपीएचटी प्रवेश परीक्षाएं 8 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 8 मई गुरूवार को पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। पीईटी परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक और पीपीएचटी परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे तक जिले के 1 परीक्षा केन्द्र क्रमशः शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगी। अतएव उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने के लिए अनुमति दी जा सके।

### धमकी देकर नाबालिग को ले गए, अपराध दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** जिले के चरचा थानांतर्गत क्षेत्र में दो आरोपियों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए जान से मानने की धमकी देकर व्यक्ति के नाबालिग पुत्री को बलपूर्वक अपने साथ ले गए। इस मामले की रिपोर्ट पर चरचा पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 137 (2), 296, 331 (5), 351 (3) तथा 78 तहत अपराध दर्ज कर लिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार चरचा कॉलरी निवासी शिकायतकर्ता बैजनाथ मोदी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्जकराया कि 4 मई की दोपहर 12 बजे आरोपी अमन तथा साहिल समुद्रे निवासी चरचा कॉलरी ने उसके घर में जबरन प्रवेश किए, आरोपी शाहिल अपने हाथ में बीयर बोतल को फोड़ कर रखा था। एक आरोपी ने कहा कि तुम्हारी लड़की से अमन प्रेम करता है और उससे शादी करेगा, उसके साथ भेज दो। जब पिता ने कहा कि अभी उसकी पुत्री नाबालिग है, तब शाहिल बोला लड़की को जाने दो नहीं तो बोतल से तुम्हें मारकर खत्म कर दूंगा। इस दौरान शिकायतकर्ता की पत्नी ने आरोपियों से कहा कि ऐसे धमकी क्यों दे रहे हो, तब दोनों आरोपियों के द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए नाबालिग पुत्री को बलपूर्वक अपने साथ ले गए।

### 10 दिन से बंद किया मुख्य मार्ग, आमजन-व्यापारियों में नाराजगी

# रेलवे अंडरब्रिज बंद, छठ घाट के रास्ते में बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा कॉलरी में प्रवेश से पूर्व स्थित रेलवे अंडरब्रिज के नीचे चल रहे निर्माण कार्य के कारण पिछले कुछ दिनों से आवागमन पूरी तरह बाधित है। रेलवे द्वारा अंडरब्रीज के दोनों ओर मिट्टी डालकर मार्ग बंद कर दिया गया है, जिससे आमजन को वैकल्पिक मार्ग से गुजरना पड़ रहा है।




बंद अंडरब्रिज।



छठघाट पुलिया के ऊपर धंसी सड़क की स्थिति।

वर्तमान में लोग चरचा थाना के समीप वाले मार्ग से होकर छठ घाट के रास्ते चरचा कॉलरी तक पहुंच रहे हैं, किंतु छठ घाट पुलिया के ऊपर की सड़क की मिट्टी धंस जाने से यह मार्ग बेहद खतरनाक हो गया है। विशेष रूप से दो पहिया वाहनों के लिए यह स्थान दुर्घटना संभावित बन गया है। वाहन चालकों को इस जगह पर बेहद सतर्कता बरतनी पड़ रही है। गौरतलब है कि जब तक रेलवे अंडरब्रिज मार्ग पुनः शुरू नहीं होता, तब तक इसी वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जाएगा। इसलिए बरसात के पूर्व ही छठ घाट पुलिया के ऊपर धंसे हिस्से की मरम्मत अति आवश्यक है, ताकि वर्षा काल में मार्ग पूरी तरह जर्जर न हो जाए और आमजन को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और रेलवे विभाग से शीघ्र समाधान की मांग की है, ताकि एक ओर अंडरब्रिज का कार्य समय पर पूर्ण हो और दूसरी ओर वैकल्पिक मार्ग सुरक्षित बना रहे। नगर पालिका शिवपुर चरचा से जिला मुख्यालय कोरिया तक जाने वाले मुख्य मार्ग एनएच-43 को रेलवे ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य के नाम पर पिछले 10 दिनों से अधिक समय से बंद कर दिया गया है। इस मार्ग के बंद होने से न सिर्फ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी ठप पड़ती जा रही है। रास्ता बंद होने से छोटी-बड़ी सभी गाड़ियों को छठ घाट के संकरे मार्ग से होकर आना-जाना पड़ रहा है, इससे छठ घाट के पास बने पुल पर दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिससे पुल बैठने का खतरा मंडराने लगा है। ⏭ शेष पेज 4 पर

# स्टाफ नर्स कॉलोनी को चोरों ने बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना थाना अंतर्गत डॉक्टर/स्टाफ कॉलोनी एक बार फिर बड़ी चोरी की वारदात हुई है। बीती रात अज्ञात चोरों ने स्टाफ नर्स श्रीमती चंचला कुमारी और श्रीमती अनिता यादव के सरकारी मकानों को निशाना बनाकर घर का ताला तोड़ा और हजारों रूपए के नकदी व जरूरी सामान पार कर दिया।

- रात्रि में हजारों का सामान पार, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

घटना के समय दोनों घरों के सदस्य घर पर नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पटना पुलिस को लिखित रुप से दे दी गई है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब कॉलोनी में चोरी हुई हो। पहले भी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। चोरी की इस घटना के बाद कॉलोनी के लोग डरे हुए हैं और उन्होंने रात में गश्त व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि कॉलोनी में रात्रि गश्त को नियमित किया जाए। पीड़ित स्टाफ नर्सों ने पटना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस की गश्त इतनी लचर क्यों है, क्या सुरक्षा के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। पटना में जिस तरह एक ही रात्रि में स्वास्थ्य कर्मियों के घर चोरी की घटना घटित हो गई, इससे पुलिस गश्ती ⏭ शेष पेज 4 पर





बिखरा सामान।

### सुरक्षित कॉलोनियों के घर असुरक्षित

पटना नगर में एक ही रात में दो स्वास्थ्य कर्मियों के घर को अज्ञात चोरों के द्वारा निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरी की इस घटना के सामने आने के बाद कॉलोनी के लोगों बताया कि इसके पूर्व भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है, ऐसे में चोरों के हौसले चुस्त है और आसानी से बेधडक पटना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, ऐसा लगता है कि चोरों का भय पुलिस से नहीं है, जिस तरह पटना क्षेत्र में चोरी की घटना हो रही है उसे लोग अपने घर को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। भरे कॉलोनी के बीच के घरों से चोरी की घटना होना निश्चित रूप से चोरों ने पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। वहीं वर्तमान में शादी-विवाह के सीजन में लोग भले ही अपने घर को ताला बंद कर जाते हैं, बावजूद इसके लोगों का घर असुरक्षित है।

# मौसम का बिगड़ा मिजाजः फिर हुई झमाझम बारिश

**बैकुण्ठपुर।** बे-मौसम बारिश ने एक बार फिर सोमवार की शाम के समय शहर को भिगोया। कुछ देर तक चली बेमौसम बारिश से सड़कों पर आवागमन थम गया।

जानकारी के अनुसार शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में गरज चमक के साथ सायं के समय बारिश हुई। शहर में 15 मिनट से अधिक समय तक बारिश चली। अप्रैल माह के अंतिम दिनों कई दिन किसी क्षेत्र में बूंदाबांदी तो कही हल्की बारिश का होती रही है। इस दौरान कई दिन आंधी भी चली। कई दिनों से मौसम के बदलाव के कारण सोमवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यही कारण है कि मई महीने में तापमान में गिरावट से राहत मिली हुई है।



**आज से बढेगा तापमानः** जिले में एक सप्ताह से अधिक समय तक मौसम में आए बदलाव के कारण बदली बारिश का मौसम बना रहा। ज्यादातर दिनों तक आसमान में बादल छाए रहते कभी धूप छांव की स्थिति कई दिन देखने को मिलती, इसी बीच हल्की बारिश भी किसी न किसी क्षेत्र में हो जाती, इसके साथ ही मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से आसमान साफ हो जाएंगे और लगातार धूप खिले रहने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दिनों दिन होने लगेगी।

### शाम ढलने बाद चली ठंडी हवाएं

बीते कई दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में बदली के बीच हल्की बारिश हो रही है, इससे तापमान में गिरावट हुई। सोमवार को सायं के समय बारिश के बाद मौसम खुशनुमा बना रहा और शाम ढलने के बाद मौसम में ठंडी हवाएं चलती रही, इससे लोगों को राहत मिली। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में लगातार धूप खिले होने के कारण तापमान का पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन बदले मौसम के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

### युवक पर सब्बल से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** ग्रामीण पर लोहे के सब्बल से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम परसडीहा निवासी जयप्रकाश पटेल ने चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल की सुबह 7 से 8 बजे के बीच किसी काम से घर से निकला था। इस दौरान गांव के सुमंत मिश्र ने उसका रास्ता रोक लिया और उसकी बाइक को गिराने के साथ ही सब्बल से उसपर हत्या करने की नियत से हमला किया। जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। इस मामले में पुलिस द्वारा जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा परसडीहा निवासी सुमंत मिश्र को ग्राम मोरन से हिरासत में लिया गया।

# अतिथि शिक्षकों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात



**वेस्ट चिरमिरी।** राज्य अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके रतनपुर स्थित निवास में मुलाकात कर अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2016 में छग शासन द्वारा राज्य के बीहड़, सुदूर व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के शासकीय हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में विद्यामितान शिक्षकों की नियुक्ति व्याख्याता पद के समकक्ष की गई थी।

वर्ष 2019 में इन्हें राज्य अतिथि शिक्षक पदनाम प्रदान किया गया। राज्य अतिथि शिक्षक संघ ने बताया कि ये शिक्षक एनसीटीई दिल्ली के 2014 के भर्ती नियमों और छग शासन की समस्त शैक्षणिक अर्हताओं को पूरा करते हैं, साथ ही नियमित व्याख्याताओं की भांति शासकीय शिक्षण कार्य, बोर्ड परीक्षा, ⏭ शेष पेज 4 पर

### कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** अवैध शराब की तरस्की करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नागपुर पुलिस को सूचना मिली कि बैकुंठपुर के ग्राम गदबदी फाटपानी से अवैध शराब की बड़ी खेप आने वाली है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह ने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर को दी। इसके पश्चात सीएसपी चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज एवं थाना प्रभारी पोड़ी आरएन गुप्ता के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लोहारी-मोरगा रोड पर घेराबंदी की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने आरोपी मनोज सिंह पिता प्रेम सिंह उम्र 21 वर्ष, ⏭ शेष पेज 4 पर



### ग्रामीण से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** मजदूरी का पैसा मांगने पर ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्राम परेवां निवासी जुलाई पहाड़ी कोरवा आ. स्व. लटी पहाड़ी कोरवा द्वारा मजदूरी का पैसा मांगने पर छविलाल यादव द्वारा गाली गलौज करने के साथ ही कुल्हाड़ी के डंडे से मारपीट की गई। जांच के बाद पुलिस द्वारा मामले में आरोपी परेंवां निवासी 55 वर्षीय छविलाल यादव आ. चंद्रमन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### सुशासन तिहार के तहत बंजारीडांड़ में शिविर

# आम और महुआ की छांव में समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम बंजारीडांड में सोमवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर की विशेष बात यह रही कि इसका आयोजन ग्राम के आम और महुआ के पेड़ों की छांव में किया गया, जिससे ग्रामीणों को प्राकृतिक वातावरण में सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली। शिविर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का एक माह में पारदर्शिता के साथ समाधान किया गया है और अब तीसरे चरण में क्लस्टरवार शिविरों के माध्यम से आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।





उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अब तक 35 हजार आवास सर्वे कराया गया है। पात्र और अपात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि जिले की 20 प्रतिशत जनसंख्या ने सुशासन तिहार में आवेदन दिया ⏭ शेष पेज 4 पर




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### रॉबिंस खलखो होंगे बिश्रामपुर के नए स्टाफ ऑफिसर सिविल

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय से जारी आदेश में सिविल विभाग के तीन अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है।जारी आदेश में ईसीएल से प्रमोशन पाकर एसईसीएल पहुंचे रॉबिंस खलखो सीनियर मैनेजर सिविल ई सिक्स को बिश्रामपुर क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार डब्ल्यूसीएल से स्थानांतरित होकर आए सीनियर मैनेजर सिविल नितिन नायक को भटगांव क्षेत्र का नया स्टॉफ ऑफिसर सिविल नियुक्त किया गया है। डब्लूसीएल से ही आए द्वारकेश पालीवाल को पुराने आदेश में संशोधित कर उन्हें भटगाँव से सोहागपुर क्षेत्र पदस्थ किया गया है।

### बलरामपुर जिले से बनारस बस सेवा प्रारंभ




**रामानुजगंज।** लंबे समय के बाद जिले से बस सेवा बनारस के लिए प्रारंभ हुई जिसे नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होने कहा कि बनारस बस सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती थी जो अब पूरी हुई निश्चित रूप से इसका लाभ पूरे क्षेत्र वासियों को मिलेगा। बस संचालक सत्यानंद पांडे ने बताया कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के कुसमी से बस बनारस के लिए प्रतिदिन रामानुजगंज होकर जाएगी। कुसमी में बस छोड़ने का समय शाम को 6 बजे है जो बलरामपुर होते रामानुजगंज में 9 बजे पहुंचेगी वहीं बनारस में बस 4 बजे सुबह पहुंचेगी वहीं बनारस से शाम को 8.30 में चलकर रामानुजगंज सुबह 4 बजे और कुसमी 6 बजे पहुंचेगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

### युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। डवरा चौकी पुलिस के अनुसार युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जगसाय उसे 28 से 30 अप्रैल तक अपने घर में जबरन बंद कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर मामले की जांच करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस द्वारा डवरा निवासी 25 वर्षीय जगसाय आ. मनराज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 64(2(एम), 127, 351(3) के तहत गिरफ्तार किया गया।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** युवती को शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक दुष्कर्म करने और फिर शादी करने से इनकार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। चांदो पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन वर्ष पूर्व युवती की पहचान कादिर अंसारी से हुई थी। इस दौरान युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म किया और अब जब उसने शादी की बात की तो उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर जांच की जा रही थी। पुलिस द्वारा मामले में चांदो के ग्राम इदरीकला निवासी 29 वर्षीय कादिर अंसारी आ. दिल मोहम्मद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 376 (2) (ढ) 450, 323 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### खोपा बाजार से लौट रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बिश्रामपुर।** पैदल साप्ताहिक बाजार से वापस घर लौट रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई है। करंजी पुलिस ने बताया कि भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसकेला निवासी 50 वर्षीय रतन राम पिता स्व.कुंदन शनिवार की शाम घर से पैदल ही खोपा साप्ताहिक बाजार आया था। बाजार से वापस घर लौटने के दौरान मुख्य मार्ग पर पहुंचने पर अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्रामीण को जबरदस्त टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# सुशासन तिहार में मिले 1.63 लाख आवेदनों में से 1.38 लाख का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुशासन तिहार के तहत तीसरे और अंतिम चरण की शुरुआत सोमवार से होने जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा दिए गए मांग व शिकायती आवेदनों का निराकरण करने के साथ ही शिविर लगाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी प्रदान की जाएगी। खास बात यह है कि इनमें से किसी एक शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। वहीं सरगुजा जिले की बात की जाए तो जिले में कुल 1 लाख 63 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 1 लाख 38 हजार आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है और अब समाधान शिविर लगाकर इसकी जानकारी प्रदान की जाएगी। जिले में 5 से 31 मई तक नगरीय क्षेत्र में कुल 25 व ग्रामीण क्षेत्र में 32 समाधान शिविर लगाए जाएंगे। बता दें कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार के तहत 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जिला और विकासखंड मुख्यालय स्तर पर भी की गई थी।

- आज से शुरू होगा अंतिम चरण, लगाए जाएंगे समाधान शिविर, सीएम भी एक शिविर में होंगे शामिल

जिले के 39 हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया। सरगुजा जिले में 3 मई की स्थिति में कुल 1 लाख 63 हजार 803 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें कुल मांग 1 लाख 61 हजार 16 एवं कुल शिकायत के 2 हजार 787 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभी तक की स्थिति में 1 लाख 36 हजार 847 मांग एवं 1 हजार 511 शिकायत निराकृत हुए हैं इस प्रकार कुल 1 लाख 38 हजार 358 आवेदन निराकृत किए गए है। द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई तक इन आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर सम्बन्धित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके निराकरण की कार्यवाही की गई। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया गया है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर भी की जा रही है। वहीं अब तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत 5 मई से हो रही है जो 31 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 57 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 32, नगर निगम अंबिकापुर में 23, तथा नगर पंचायत सीतापुर में 1 एवं नगर पंचायत लखनपुर में 1 शिविर आयोजित किये जाएंगे।

### कहां कितने आवेदन

बताया जा रहा है कि सुशासन तिहार में सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 99,039 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 85,730 का त्वरित निराकरण किया गया। जिसमें स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा जैसे जनहितकारी योजनाएं शामिल है। राजस्व विभाग को 12,955 आवेदन मिले, जिनमें से 8,921 का निराकरण हुआ। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अपेक्षाकृत कम 7,697 आवेदन प्राप्त हुए लेकिन उसमें 7,641 मामलों का निराकरण हुआ। शिक्षा विभाग ने 6,863 में से 6,538 आवेदनों का निराकरण किया। खाद्य विभाग में 6,591 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 5,843 मामलों का निराकरण हुआ,वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग को 6,341 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 5,290 का समाधान किया गया। नगरीय क्षेत्र में 6369 में से 5,234 मामलों का निपटारा किया गया। पशु चिकित्सा विभाग में 2,428 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2,415 मामलों का निराकरण हुआ, ऊर्जा विभाग को 5,317 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2200 प्रकरण का निराकरण हुआ। डेयरी विकास परियोजना में 1,975 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1,935 समाधान किया गया। श्रम विभाग में 1,627 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1,412 आवेदन का निराकरण हुआ। कृषि विभाग में 1,227 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 982 प्रकरण का समाधान हुआ। वन विभाग को 2,125 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 980 का निराकरण हुए। सिंचाई विभाग में 385 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 371 का निराकरण हुआ। मत्स्य पालन विभाग को 316 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 242 आवेदन का निराकरण हुआ। उद्यानिकी विभाग में 274 आवेदन प्राप्त हुए, इसमें 223 मामलों का त्वरित निराकरण हुआ। आदिवासी विकास विभाग में 203 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 190 मामलों का निराकरण हुआ। स्वास्थ्य विभाग को 388 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 178 प्रकरण का निराकरण हुआ। और लोक निर्माण विभाग को 292 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 153 मामलों का त्वरित निराकरण किया गया।

## मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

# गांव की चौपाल में मंत्री राजवाड़े बैठीं जमीन पर, सुनी समस्याएं



आवेदन का अवलोकन करती मंत्री राजवाड़े।



महिलाओं से रूबरू होकर समस्या सुनती मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांवों का विकास ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है, इस मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रविवार को जिले के ग्रामीण अंचलों का भ्रमण किया। गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत उन्होंने ग्राम रैसरा, खड़ौली, जांज, रैसरी व चेंद्रा जैसे दूरस्थ पंचायतों में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया। भीषण गर्मी में भी जमीन पर बैठकर मंत्री राजवाड़े ने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की पीड़ा को प्रत्यक्ष सुना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कहीं चबूतरे पर, तो कहीं स्कूल मैदान में – हर जगह उनकी उपस्थिति ने जनता को भरोसे और राहत का अहसास कराया।

**खास बात**

- कई समस्याओं का मौके पर किया गया निराकरण

रैसरा पंचायत से शुरू हुई इस जन संवाद यात्रा में खड़ौली के माध्यमिक शाला परिसर और जांज के स्कूल मैदान में सजी जन चौपालें जनभावनाओं की सजीव अभिव्यक्ति बनीं। पेयजल आपूर्ति की अनियमितता, खराब सड़कों, राजस्व प्रकरणों में विलंब जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण हो। उन्होंने खड़ौली मार्ग के निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा करते हुए इसे शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल मारापो, जनपद अध्यक्ष इंद्रमणि पैकरा, जनपद सदस्य अनीता पैकरा, गौरी सिंह, दयाराम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे।

### बैंक खोलने की मांग पर दिया आश्वासन

रैसरी पंचायत के बगीचा पारा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने सहकारी बैंक शाखा खोलने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि बैंकिंग सेवाओं के लिए उन्हें बिश्रामपुर तक जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। जिस पर मंत्री राजवाड़े ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को अध्ययन कर आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को वित्तीय सेवा उनके गांव में उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### सरल, सहज व सशक्त नेतृत्व की झलक

गांव की मिट्टी में रचने-बसने वाली मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की जनसंपर्क शैली ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। न कोई मंच न औपचारिकता सीधे जमीन पर बैठकर लोगों की बात सुनी और संवेदनशीलता से समाधान का मार्ग खोला। उनके साथ पहुंचे अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतों का निराकरण करना शुरू कर दिया।

### गांव-बस्ती में सजी चौपालें

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सुबह निवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं व मांगों को सुनने के बाद सीधे क्षेत्र के गांव-गांव की गलियों में नजर आईं। कहीं बगीचे के किनारे चबूतरे पर बैठीं, तो कहीं स्कूल प्रांगण में ग्रामीणों की भीड़ के बीच जमीन पर कोई मंच नहीं, कोई विशेष व्यवस्था नहीं, सिर्फ लोगों के बीच रहकर उनकी पीड़ा और जरूरतों को आंखों में देखकर सुना।

### जनप्रतिनिधि होना जिम्मेदारी है

चौपाल में मंत्री राजवाड़े का एक ही संदेश था कि मैं विधायक या मंत्री बनकर नहीं, आपकी बेटी, बहन और प्रतिनिधि बनकर आई हूं। आपकी हर समस्या मेरी जिम्मेदारी है।

### हर गांव में उमड़ा जनसैलाब

जहां-जहां मंत्री पहुंचीं वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहे लोगों को जब मंत्री स्वयं उनकी बस्ती में आकर सुनने लगीं तो उन्होंने खुलकर अपने दुख-दर्द साझा किए। महिलाएं, किसान, बुजुर्ग सहित हर वर्ग की आवाज को मंत्री ने गंभीरता से सुना।



# सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के संबंध में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने सुशासन तिहार के उद्देश्य और क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर द्वारा तृतीय चरण 05 से 31 मई समाधान शिविर के माध्यम से आमजन को ज्यादा से ज्यादा जनहितकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी मुहैया कराए जाने की बात कही।

- कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में ली पत्रकार-वार्ता

उन्होने बताया कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत कुल 83 हजार 465 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दूसरे चरण में संबंधित विभागों द्वारा लगभग 1 माह इन आवेदनों का निराकरण किया गया है। कल से शुरू होने वाले तीसरे चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से आवेदकों को उनके आवेदनों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 61 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों में 27 और सभी विकासखंड के जनपद पंचायतों में 34 शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब के नशे में महिला ने पी ली कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत महिला ने कीटनाशक पी ली। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम लिब्रा निवासी विजय कुमारी केरकेट्टा पति राम प्रसाद केरकेट्टा (50 वर्ष) शराब पीने की आदी थी। गत दिन दोपहर में गांव में घूमने गई थी इस दौरान महिला ने शराब पीने के पश्चात कीटनाशक पी ली। दोपहर को घर पहुंची ओर उल्टी करने लगी। इधर उल्टी करने पर कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## महापौर ने किया शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में बनने वाले प्रमुख पांच प्रवेश मार्गों का रविवार को महापौर ने निरीक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों को क्षति पहुचाए बिना ही सड़कों का चौडीकरण करने और सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए।

बता दें कि शासन द्वारा शहर के पांच प्रवेश मार्गों के चौडीकरण और निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें रायगढ़ रोड, मनेन्द्रगढ़ रोड, रामानुजगंज रोड, बिलासपुर रोड, बनारस रोड शामिल है। इन सड़कों का चौडीकरण कर फोर लेन सड़कों का निर्माण करने के साथ ही सुव्यवस्थित लाईट, डिवाईडर व पौधरोपण का कार्य किया जाना है।



रविवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, ननि लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह, जल प्रभारी जितेन्द्र सोनी के साथ ही एनएच, लोनिवि, ननि के अधिकारियों के साथ सभी प्रस्तावित मार्गो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ननि, लोनिवि और एनएच के अधिकारियों से स्थल निरीक्षण के दौरान पांचों रोड के डीपीआर और सड़क चौड़ीकरण के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसी भी आम नागरिक को क्षति पहुंचाए बगैर सभी के साथ सहयोगात्मक कार्य करने के निर्देश दिए।

## डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। कार्यशाला में सूरजपुर क्लस्टर एवं जोन बी अंतर्गत आने वाले 12 डीएवी विद्यालयों के 76 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल, कक्षा प्रबंधन तकनीकों, विषयगत समझ एवं नवाचार आधारित शिक्षण विधियों को सुदृढ़ बनाना था।हिंदी, गणित, विज्ञान और प्रारंभिक शिक्षा के अलग-अलग सत्रों में विशेषज्ञों ने गहन प्रशिक्षण दिया।

- 12 विद्यालयों के 76 शिक्षकों ने सहभागिता कर तकनीकी, शैक्षणिक कौशल व शिक्षण विधियों को सुदृढ़ बनाने दिया प्रशिक्षण



कार्यशाला की रूपरेखा डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार और विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक के नेतृत्व में बनाई गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह रहे।उन्होंने कार्यशाला को ज्ञान और आत्मविश्लेषण का मंच बताते हुए शिक्षकों को दृढ़ इच्छाशक्ति और विषय के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।गणित, विज्ञान, हिंदी और ईईडीपी के समन्वयकों क्रमशः एसके पांडेय, एएम चौबे,विधु शर्मा व अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि यह कार्यशाला शिक्षकों को अपनी सीमाओं से बाहर सोचने और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस मंच ने उन्हें शिक्षण प्रक्रिया को अधिक व्यावहारिक और छात्र केंद्रित बनाने की दृष्टि दी।समापन समारोह में मुख्य अतिथि व विशेषज्ञों को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया एवं प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका विजया पॉल ने किया और आभार प्रदर्शन एएम चौबे द्वारा किया गया। कार्यशाला को संपन्न कराने में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में आंधी-तूफान से बाधित विद्युत आपूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

विगत दिवस आई तेज आंधी, बारिश से जिले में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर विद्युत विभाग की टीमों ने राहत और मरम्मत कार्य शुरू किया और रात भर कड़ी शक्कत के बाद 90 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के दौरान जनता की सभी समस्याओं का त्वरित निदान किया जा रहा है। इसी क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग की टीमों ने तुरंत राहत और मरम्मत कार्य शुरू किया।

- विभाग के कर्मचारियों ने रातभर किया मरम्मत कार्य



सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य 33 केव्ही सिलफिली फीडर की मरम्मत रही, जहां 13 पिन इंसुलेटर, 1 डिस्क और टूटे तार को खेत-खलिहानों और जंगल के रास्तों से गुजरते हुए बदलकर सप्लाई चालू की गई।इसके अलावा 33 केव्ही रामानुजनगर केतका टैपिंग की सप्लाई शाम 6.33 बजे, सलका उमेश्वरपुर प्रेम नगर की सप्लाई शाम 6.36 बजे, भटगांव लाइन की सप्लाई शाम 6.31 बजे और भैयाथान ओड़गी की सप्लाई रात 12. 4 बजे बहाल की गई।

कुछ उपकेंद्रों की सप्लाई बैकफीड से रात 10.38 बजे तक पुनः चालू कर दी गई। 33 केव्ही लखनपुर फीडर में 9 पिन इंसुलेटर बदलकर रात में बहाल की गई, जबकि 33 केव्ही. नयनपुर की सप्लाई शाम 6 बजे ही बैकफीड से चालू कर दी गई थी। इस दौरान 11 केव्ही और एलटी लाइन के कुल 19 पोल क्षतिग्रस्त होने की जानकारी रात 2 बजे तक मिल चुकी थी। शेष नुकसान की जानकारी लाइन पेट्रोलिंग के बाद सामने आने की संभावना है। विभाग द्वारा इन सभी स्थानों पर भी शीघ्र सुधार कार्य कर सप्लाई बहाल करने का प्रयास जारी है। निर्बाध विद्युत व्यवस्था को लेकर कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग के अभियंता व अन्य संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है कि बिजली व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग और ट्रांसफार्मर का नियमित मेंटेनेंस किया जाए।



### अवैध 10 क्विंटल कोयला जब्त कुदरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के दिए गए सख्त निर्देश पर गत दिन क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी कुदरगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कुर्री कुरोतरी नाला के किनारे चोरी का कोयला लावारिश हालत में डम्प किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां 10 हजार कीमत के करीब 10 क्विंटल अवैध कोयला डम्प पाया गया। पुलिस ने कोयला को जब्त कर अज्ञात के विरूद्ध धारा 106 के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी कुदरगढ़ गुड्डु कुशवाहा, प्रधान आरक्षक कपिल सिंह, आरक्षक रामप्रसाद सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, सैनिक सुरेश व लव गुप्ता सक्रिय रहे।



# 'वॉर 2' का तलवारबाजी वाला सीन हुआ लीक...

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का एक सीन लीक हो गया है। यह इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए सीन में ऋतिक रोशन एक जापानी मठ में तलवारबाजी करते हुए में नजर आ रहे हैं। यह सीन इतना शानदार है कि इसे देखकर लगता है मानो कोई हॉलीवुड की बिग-बजट एक्शन फिल्म चल रही हो। इस लीक सीन ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। वायरल हो रहे सीन में ऋतिक रोशन एक शांत और खूबसूरत जापानी मठ में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में पारंपरिक जापानी तलवार (कटाना) है।

## लाइफ Style



# प्रियंका

## मेट गाला से पहले न्यूयॉर्क की सड़कों पर दिखीं

हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की न्यूयॉर्क शहर से कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह पोज देती दिख रही हैं। मेट गाला इवेंट से पहले अभिनेत्री की ये स्टाइलिश तस्वीरें लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर कुछ स्टाइलिश तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर नजर आ रही हैं। आपके बताते चलें कि एक्ट्रेस की ये तस्वीरें मेट गाला फैशन इवेंट से ठीक एक दिन पहले यानी रविवार की हैं। इसमें प्रियंका का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो यह बता रहा है कि एक बार से अभिनेत्री मेट गाला फैशन इवेंट में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्राउन कलर के सिंपल कैजुअल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस खुले हुए बालों के साथ सनग्लास लगाए हुए भी दिख रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री लोफर शूज पहने हुए स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वो विक्ट्री साइन बनाते हुए दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा से पहले बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। शाहरुख खान हाल ही में न्यूयॉर्क के जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखे गए थे, जिसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मेट गाला फैशन इवेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित होने वाला है। यह इवेंट 5 मई यानी सोमवार को होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'




# गिगी ने ब्रैडली के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी फैशन मॉडल और टेलीविजन आर्टिस्ट गिगी हदीद ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडस पर अपनी एक खास तस्वीर से अपने और ब्रैडली कूपर के साथ अपने रिश्ते से पर्दा उठा दिया है। इस तस्वीर से उन्होंने अपना रिश्ता आधिकारिक बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन, उनके फैंस की निगाहें उनकी एक खास तस्वीर पर टिकी। इन तस्वीरों के साथ एक तस्वीर ऐसी भी है, जिसमें गिगी और ब्रैडली एक-दूजे को किस करते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर से उनका रिश्ता साफ हो गया है कि वाकई में दोनों एक-दूजे को डेट कर रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'मैं 30 की होने पर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत लकी महसूस करती हूं- उन सभी सबक और गिफ्ट्स के लिए, जो लोगों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए!



# पॉवर कपल के रूप में आएंगे नजर ...

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, 'सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे।

## टीवी मसाला



# जयति भाटिया और सुधांशु पांडे का रोमांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी जगत में एक्ट्रेस जयति भाटिया ने खूब नाम कमाया है। ससुराल सिमर का से लेकर कई हिट सीरियल में उन्होंने काम किया है तो हीरामंडी जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं हैं। मगर उन्हें दीपिका कक्कड़ की ऑनस्क्रीन सासु मां व शोएब इब्राहिम की मां के रोल में लोग आज भी भूला नहीं पाए हैं। लेकिन, क्या आपको याद है जब जयति भाटिया ने अनुपमा के वनराज उर्फ सुधांशु पांडेय संग रोमांस किया था। हाल में ही इंस्टाग्राम पर सुधांशु पांडेय और जयति भाटिया के शो की एक क्लिप वायरल हुई, जिसमें दोनों का रोमांस देखने को मिला। इस शो का नाम था कन्यादान। जिसे एकता कपूर ने बनाया था। इस शो का हिस्सा किरण खेर भी थीं। जयति भाटिया और सुधांशु पांडे की उम्र में 4 साल का अंतर हैं। जयति जहां 54 साल की हैं तो सुधांशु 50 साल के हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहे हैं और दोनों ने ही टॉप सीरियल्स में काम किया है। ये शो मां बेटियों के रिश्ते पर आधारित था। जहां किरण खेर (रक्षा) ने जयति की मां का रोल प्ले किया था। ये शो 1999 से 2000 तक आया था जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय ये शो काफी पॉपुलर हुआ था।

## अभीर ने किया कियारा का अपमान



**नई दिल्ली।** राजन शाही के पॉपुलर सीरियल में इस बार इमोशंस, इगो और इनसाफ की टक्कर देखने को मिलेगी। जहां एक ओर अभिरा और अरमान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं गोयनका और पोद्दार फैमिली आमने-सामने आ खड़ी होती है। एपिसोड की शुरुआत अरमान और अभिरा की बहस से होती है। अरमान चाहता है कि अभिरा अब सिर्फ अपने आने वाले बच्चे पर ध्यान दे और पारिवारिक झगड़ों से दूर रहे, लेकिन अभिरा इस मांग को ठुकरा देती है और कहती है कि एक बड़ी बहू और बेटे की जिम्मेदारी सिर्फ एक बच्चा नहीं, पूरा परिवार होता है। अरमान इस बात से नाखुश है और रिश्ते पर तनाव बढ़ता जा रहा है। चारु पूरे आत्म-सम्मान के साथ गोयनका हाउस पहुंचती है। वहां अभीर न सिर्फ उसका स्वागत करता है, बल्कि कियारा का सामान हटाकर अपने कमरे में चारु को जगह दे देता है। इस अपमान से आहत कियारा, रिश्ते को खत्म करने का फैसला लेती है। एक मंदिर में जब गोयनका और पोद्दार परिवार आमने-सामने आते हैं, तब अभिरा सबके सामने ऐलान करती है कि कियारा तलाक के लिए तैयार है और वो उसका केस लड़ेगी।

# बागी बेचारे' में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी, फैसल -प्रतीक भी आए साथ



*मुंबई। बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है 'बागी बेचारे'। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह-निर्माण से बन रही है। बागी बेचारे में 'स्कैम 1992' फेम प्रतीक गांधी, 'पाताल लोक' के अभिषेक बनर्जी और 'पंचायत' के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह-लेखक की भूमिका में हैं, जबकि 'इनसाइड एज' और 'श्रीकांत' के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, 'बंबई मेरी जान' के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'बागी बेचारे' एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी।*

*सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।' प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं।'*

# हमें पुरानी फिल्मों से सीखने की जरूरत : जैकी

**मुंबई।** लोग कहते हैं टिकट की कीमतें अधिक हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों का समय सबसे महंगा है। आजकल की जेन जी जेनेरेशन पुरानी फिल्मों का अनुभव करना चाहती है। यही कारण है कि वो ऑनलाइन उपलब्ध होने पर भी सिनेमाघरों में जाकर पुरानी फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। ये बातें एक्टर से प्रोड्यूसर बने जैकी भगनानी ने वेव्स समिट 2025 में बोलते हुए कहीं।

***सीमित संसाधनों में बनाईं शानदार फिल्में*** : मुंबई में आयोजित वेव्स समिट 2025 का रविवार को अंतिम दिन था। इस बीच एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी भी इस समिट का हिस्सा बने। 'बियॉन्ड नॉस्टेल्जिया: द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स' विषय पर आधारित चर्चा में भाग लेते हुए जैकी भगनानी ने सिनेमा की नई दुनिया को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लासिक फिल्में दर्शकों को क्यों आकर्षित करती हैं और आज के फिल्म निर्माता कैसे पिछली फिल्मों और अतीत से प्रेरणा ले सकते हैं। 1970 से लेकर 2000 तक के दशक को याद करते हुए जैकी ने कहा, उस वक्त की फिल्मों में निर्माताओं ने सीमित संसाधनों के साथ शानदार काम किया है और यादगार कहानियां दी हैं। यह शानदार राइटिंग और ईमानदारी से किए गए काम की वजह से संभव हो पाया। आज भी मैं उन फिल्मों से प्रभावित हू। मैं खुद से ये पूछता रहता हूं कि उस समय उन्होंने ऐसा कैसे किया

***पुरानी फिल्मों को बेहतर क्वालिटी में लाने पर कही ये बात*** : पुरानी फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको अच्छे प्रिंट में लाने पर जैकी ने कहा, 'फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको बेहतर क्वालिटी में तैयार करने का तलब सिर्फ पुराने प्रिंट को स्कैन करना नहीं है। सोचिए 'सिलसिला' फिल्म से मिस्टर बच्चन के यादगार किरदार को वापस लाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाए। यह भी एक तरह से उसे बचाना और उसे नए तरह से लाना ही है।



## दर्शकों के मूड पर निर्भर करती है फिल्म की सफलता

आज के वक्त में एक फिल्म को क्या चीज सफल बनाती है। इस सवाल का जवाब देते हुए जैकी ने कहा, 'इसका एक जवाब नहीं है। हमने 'रहना है तेरे दिल में'को फिर से रिलीज किया और इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें लगा कि 'बीवी नंबर 1' और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। दर्शकों का मूड बदलता रहता है। पीछे मुड़कर देखें तो आप इसे समझने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि यह 50 प्रतिशत डेटा है और 50% हिम्मत है। अगर आप दोनों को मिला सकते हैं, तो आप अपने मौके बढ़ा सकते हैं।'

## रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की है चुनौती

# 16 साल में 10 बॉक्स ऑफिस क्लैश, शाहरुख से लेकर रणबीर तक से भिड़े अजय

***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन की हालिया रिलीज 'रेड 2' इन दिनों सिनेमाघरों में पैसे छाप रही है। हालांकि, 'रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की चुनौती है। क्योंकि फिल्म की जिन फिल्मों के साथ टक्कर हो रही है, उनमें संजय दत्त की 'द भूतनी' से लेकर साउथ की दो बड़ी फिल्में 'रेट्रो'और 'हिट 3' शामिल हैं। हालांकि, इन फिल्मों से मुकाबला करते हुए अजय देवगन की 'रेड 2' रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से भी काफी तारीफें मिल रही हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अजय देवगन की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर दूसरी फिल्मों से टक्कर हुई हो। इससे पहले भी कई बार अजय की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश हुआ है। इनमें कभी अजय देवगन ने बाजी मारी है, तो कभी उनकी फिल्मों को इस क्लैश का नुकसान उठाना पड़ा है।*

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3




पिछले साल दीपावली पर अजय देवगन का मुकाबला राइजिंग स्टार कार्तिक आर्यन से हुआ था। जब अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर टकराई थीं। कहीं न कहीं इस टक्कर का नुकसान दोनों ही फिल्मों को हुआ था। हॉरर-कॉमेडी और एक्शन की टक्कर में बाजी कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने मारी थी। सिंघम अगेन जहां 297 करोड़ तक पहुंची थी, तो वहीं कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने 311 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल




साल 2016 में अजय देवगन और रणबीर कपूर के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिली थी। जब अजय देवगन की 'शिवाय' और रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। शिवाय को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया था, जबकि 'ऐ दिल है मुश्किल' करण जौहर के निर्देशन में बनी थी। इसमें रणबीर कपूर की फिल्म ने अजय देवगन की फिल्म पर बढ़त हासिल की थी। अजय की 'शिवाय' एवरेज रही थी। 'शिवाय' की भारत में कमाई जहां 138.55 करोड़ रही थी, तो वहीं 'ऐ दिल है मुश्किल' ने 158.47 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### तान्हाजी और छपाक

2020 में अजय देवगन की 'तान्हाजी'के सामने दीपिका पादुकोण की 'छपाक' रिलीज हुई थी। हालांकि, 'तान्हाजी'ब्लॉकबस्टर रही थी, जबकि 'छपाक'कमाई करने में काफी पीछे रह गई थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना जरूर मिली थी।



### सन ऑफ सरदार और जब तक है जान

साल 2012 में अजय देवगन की टक्कर बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से हुई थी। इस साल अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' के सामने शाहरुख खान की 'जब तक है जान' ने मुकाबला किया। दोनों ही फिल्मों की कमाई ठीक-ठाक रही थी। अजय जहां कॉमेडी लेकर आए थे, तो वहीं शाहरुख अपने रोमांटिक अंदाज में एक कहानी लेकर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर 'जब तक है जान' ने तकरीबन 167 करोड़ से ऊपर की कमाई की थी।



## खबर संक्षेप

### ब्लाक स्तरीय पंच संघ के गठन की कवायद तेज



**सोनहत।** विकासखंड़ सोनहत में नवगठित ग्राम पंचायतों के निर्वाचित पंचों का खंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित कर शीघ्र ही पंच संघ का गठन किया जाएगा, इसे लेकर पंचायत स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत केशगवां के वार्ड पंच प्रेमसागर तिवारी एवं सोनहत ग्राम पंचायत के पंच लव प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि विकासखंड़ के 42 ग्राम पंचायतों के पंचों की विधिवत बैठक आयोजित कर पंच संघ का गठन किया जाएगा। पंचायत व्यवस्था में पंचों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सभी पंचायतों में इस दिशा में गंभीरता से पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंच वर्ग पंचायत की आधारशिला हैं और उनके संगठित होने से न केवल पंचों की गरिमा बढ़ेगी, बल्कि पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत उन्हें प्राप्त अधिकारों की जानकारी भी मिलेगी। प्रस्तावित सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंचों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराते हुए पंचायत विकास में उनकी भूमिका को और सशक्त बनाना है।

### सरडी में 25 वार्डों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता



**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्राम पंचायत सरडी में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए कमेटी टीम द्वारा एक सराहनीय पहल के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत के सभी 25 वार्डों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इसमें वार्ड क्रमांक 19 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता और 5000 रूपए नकद पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं वार्ड क्रमांक 2 की टीम उपविजेता रही, जिसे 3000 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, सरपंच लालचंद और उप सरपंच सुनीता महेन्द्र राजवाड़े रहे। इस आयोजन में विशेष रूप से बिजेन्द्र मानिकपुरी, महेन्द्र राजवाड़े, प्रेम राजवाड़े, बंटी उमाशंकर, श्रीराम दुबे, संतोष राजवाड़े, भूपेन्द्र राजवाड़े, पंच संतोष राजवाड़े, कोषाध्यक्ष राजवाड़े, पंच तुलेश्वर राजवाड़े, पंच राकेश, मोनू राजवाड़े, आशीष चिकनजूरी सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन किया गया और कमेटी टीम की इस पहल की सभी ने सराहना की।

## मनेन्द्रगढ़ में 1973 से है संचालित

# मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा विवेकानंद कॉलेज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले का प्रमुख और ऐतिहासिक शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय जो वर्ष 1973 से संचालित है और जिले के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का प्रमुख केन्द्र हैं। आज भी कई मूलभूत सुविधाओं और शैक्षणिक विस्तार की कमी से जूझ रहा है। महाविद्यालय की स्थापना को 50 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, फिर भी आज तक यहां कुछ ही विषयों में एमए और एमएससी की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। वर्तमान में केवल समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान में एमए तथा रसायन विज्ञान में एमएससी की कक्षाएं संचालित हो रही हैं,अन्य प्रमुख विषयों जैसे हिंदी, अर्थशास्त्र, इतिहास, जंतु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे विद्यार्थियों को अपने ही जिले में वांछित शिक्षा नहीं मिल पा रही।



### सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहें

प्रदेश में सरकार परिवर्तन के बाद आम जनता को शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर नई उम्मीदें हैं। यदि महाविद्यालय में और अधिक विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ की जाती हैं, तो इससे न केवल स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में मनेन्द्रगढ़ को एक समृद्ध और आत्मनिर्भर केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक मजबूत कदम होगा।

### विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और सीमित विकल्प

प्रतिवर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी छात्रों को मिलाकर लगभग 1500 से अधिक विद्यार्थी महाविद्यालय में अध्ययन करते हैं। इनमें काफी संख्या में छात्राएं भी शामिल हैं, जो बाहर जाकर पढ़ाई करने में असहज महसूस करती हैं, ऐसे में अधिक विषयों में एमए और एमएससी की पढ़ाई की सुविधा नहीं होना न केवल शैक्षणिक विकास में बाधा है, बल्कि यह सामाजिक असमानता का कारण भी बनता जा रहा है। हिंदी, अर्थशास्त्र और इतिहास में एमए तथा जंतु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान में एमएससी कक्षाएं संचालित करने की मांग वर्षों से उठती रही है, परंतु अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। विद्यार्थियों और अभिभावकों को नई सरकार से इस बार ठोस निर्णय और कार्रवाई की अपेक्षा है।

# स्वास्थ्य मंत्री के जनदर्शन में क्षेत्रीय समस्याओं पर हुई चर्चा

**खड़गवां।** स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के निज निवास में सोमवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर न सिर्फ खड़गवां क्षेत्र से नहीं बल्कि पसान क्षेत्र से भी जनप्रतिनिधि पहुंचे।

पसान से सरपंच संघ अध्यक्ष एवं पोड़ी उपरोड़ा जनपद के सदस्य प्रताप मरावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पसान समेत कई सरपंचों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क मरम्मत, पेयजल, बिजली आपूर्ति और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री श्री जायसवाल ने सभी प्रतिनिधियों और आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनदर्शन कार्यक्रम में लगभग 200 से 250 लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।



## चैनपुर पंचायतः सचिव ने एक दिन में खपाया 49 ट्राली रेत

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत चैनपुर में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी एक और सीसी सड़क की परतें अब उजागर होने लगी हैं। सूचना के अधिकार के तहत सामने आई जानकारी ने पंचायत सचिव की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ही दिन में 49 ट्राली रेत, 400 बोरी सीमेंट और 2000 फिट गिट्टी की आमद और खर्च दर्शाकर सचिव ने मानो निर्माण के रिकॉर्ड ही तोड़ दिए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चैनपुर के सचिव ने सीसी सड़क (मदरसा रोड) निर्माण के स्टॉक रजिस्टर में दर्शाया है कि इतनी बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री एक ही दिन में आई और उसी दिन खप भी गई, न तो सामग्री की ढुलाई की जानकारी दी गई, न ही मजदूरों की संख्या या समयावधि का कोई स्पष्ट उल्लेख है। स्थानीय निर्माण विशेषज्ञों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर सामग्री का एक दिन में उपयोग तकनीकी रूप से असंभव है। 49 ट्राली रेत और 400 बोरी सीमेंट किसी औसत पंचायत के निर्माण कार्य में एक हफ्ते से भी ज्यादा समय में खपती है।

## पशुओं की देखभाल के लिए समिति सदस्यों की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर के निर्देशानुसार गठित समिति द्वारा शहर के बीनार आवारा एवं असहाय पशुओं के लिए उपचार भोजन व्यवस्था एवं रख-रखाव के लिए शेड/पुनर्वास केन्द्र की स्थापना संबंधी चर्चा की गई। इसमें शहर के विभिन्न वार्डों में कुत्तों एवं अन्य आवारा पशुओं की गिनती कर उन्हें उपयुक्त स्थल देने पर चर्चा की गई, साथ ही कुत्तों की बढ़ती आबादी एवं उनके द्वारा अन्य पशुओं एवं व्यक्तियों को काटने के कारण एवं उपाय के बारे में चर्चा की गई। जिसमें समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर में बढ़ रही कुत्तों की संख्या को कम करने के लिए उन्हें वार्डवार जहां संख्या ज्यादा है, उन्हें पकड़कर नसबंदी कराने एवं उनके रहने के साथ-साथ भोजन संबंधी व्यवस्था करने उपयुक्त स्थल का चुनाव करने के लिए आदेशित किया जाता है, साथ ही पशुधन विकास विभाग के द्वारा पकड़े हुए कुत्तों के टीकाकरण एवं नसबंदी करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा संबंधित एनजीओ के सदस्यों को अन्य पशु प्रेमियों को जोड़ने एवं रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने के लिए समझाईश दी गई। आवारा कुत्तों एवं अन्य पशुओं के भोजन के लिए होटलों से बचे हुए भोजन एवं दान दाताओं से भोजन एकत्रित कर पशुओं को खिलाने की बात कही गई।

## जिला बनने के बाद भी नवोदय विद्यालय से वंचित है मनेन्द्रगढ़

- जनप्रतिनिधियों से आम जनता की अपील

**मनेन्द्रगढ़।** कोरिया जिले से अलग होकर स्वतंत्र जिला मुख्यालय बनने के बाद मनेन्द्रगढ़वासियों ने अनेक आशाएं संजोई थीं। शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उम्मीद थी कि जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना, जिससे जिले के होनहार विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त और निःशुल्क आवासीय शिक्षा मिल सके, लेकिन यह सपना आज भी अधूरा है।

जिले में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग कई बार उठाई गई, परंतु यह मुद्दा आज भी ठंडे बस्ते में पड़ा है। आश्चर्यजनक रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विषय पर कोई ठोस पहल या सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

जिला बनने के बाद आम जनता ने सोचा था कि उनके बच्चों को अब अपने ही जिले में उच्च गुणवत्ता वाला विद्यालय मिलेगा, जहां प्रतिभावान, आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण छात्र भी आगे बढ़ सकेंगे, लेकिन वर्षों बाद भी न तो भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू हुई, न ही कोई प्रस्ताव शासन स्तर तक भेजा गया। जहां कोरिया, सरगुजा, बलरामपुर जैसे जिलों में नवोदय विद्यालय वर्षों से संचालित हो रहे हैं और विद्यार्थियों को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है, वहीं मनेन्द्रगढ़ जैसे नवगठित जिले को इस सुविधा से वंचित रखना शैक्षणिक असमानता को दर्शाता है।

### अब जनता कर रही है सवाल

जनता का कहना है कि अगर सरकार और जनप्रतिनिधि चाहें तो नवोदय विद्यालय की स्थापना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। बस जरूरत है इच्छाशक्ति और प्रशासनिक सक्रियता की। यदि शीघ्र पहल नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियों को एक और शैक्षणिक अवसर से वंचित रहना पड़ेगा।

## कायस्थ समाज का वार्षिकोत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

- प्रेमाबाग स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजन

गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जिले के चित्रांश बंधुओं द्वारा स्थानीय प्रेमाबाग स्थित शिव मंदिर प्रांगण में कायस्थ समाज का वार्षिकोत्सव पूरे श्रद्धा, उत्साह और पारिवारिक वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कायस्थ समाज के इष्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के अवतरण दिवस को सामूहिक रूप से मनाना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान चित्रगुप्त जी की विधिवत पूजा-अर्चना, आरती और चित्रगुप्त वंदना से की गई।

इसके पश्चात समाज के युवाओं एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें गीत, कविता एवं नृत्य शामिल रहे। आयोजन के अंतर्गत सायंकालीन स्वल्पाहार एवं रात्रि भोज की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में समाज के सभी उपस्थित चित्रांश परिवारों का परस्पर परिचय कराया गया। वहीं मंच से समाज के वरिष्ठ सदस्यों अनूप श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव व पंकज वर्मा ने आगामी सांस्कृतिक व बौद्धिक आयोजनों की दिशा में समाज की योजनाओं पर विचार साझा किया। साथ ही समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं युवा भागीदारी को लेकर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्रांति सिन्हा, प्रभात सिन्हा, सुशील श्रीवास्तव, उज्जवल सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, केके वर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, संजीव सिन्हा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अधिवक्ता वीरेन्द्र सिन्हा, वैभव सिन्हा, पंकज सिन्हा सहित काफी संख्या में चित्रांश समाजजन अपने परिवारों सहित उपस्थित रहे। समाज के सक्रिय सदस्य शशि श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में कोरिया जिले में कायस्थ समाज अपनी मजबूत और प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराएगा।

## रेलवे कॉलोनी में अखंड हरिनाम संकीर्तन व भंडारे का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे कॉलोनी स्थित आयोजन स्थल पर 72 घंटे तक अखंड श्री हरिनाम संकीर्तन की दिव्य धारा प्रवाहित होने के उपरांत भक्तों के लिए एक भव्य महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन भक्तिरस, सेवा और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम बन गया।

तीन दिनों तक श्रद्धालुओं ने नित्यप्रति श्री हरिनाम संकीर्तन में भाग लेकर भगवान श्रीहरि के नाम का गुणगान किया, जिससे वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। संकीर्तन समाप्ति के पश्चात सभी भक्तों को प्रेमपूर्वक बैठाकर भक्ति-रस से परिपूर्ण भोग प्रसाद परोसा गया। भंडारे में छोटे-बड़े, युवक-वृद्ध, महिलाएं और बच्चे सभी ने भक्ति भाव से भोजन ग्रहण किया। आयोजन समिति ने व्यवस्थाओं में कहीं कोई कमी न आने देने का पूर्ण प्रयास किया। स्वयंसेवकों ने अत्यंत श्रद्धा व सेवा भाव से प्रसाद वितरण और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली। आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में भक्ति, सेवा और प्रेम के भाव को सशक्त करने वाली प्रेरणादायी पहल के रूप में सामने आया।



## एमसीबी जिले में 41 हजार से ज्यादा मिले आवेदन



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में भी सुशासन तिहार को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले मुख्यालय पर अब तक कुल 41,763 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की गुणवत्ता की समीक्षा जिला एवं राज्य स्तर पर की जा रही है, ताकि वास्तविक और समाधान योग्य समस्याओं का शीघ्र निवारण हो सके। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत गांवों में 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी ऐसे ही समाधान शिविर लगाए जाएंगे। एमसीबी जिले में कुल 21 समाधान शिविर प्रस्तावित हैं। इन शिविरों में नागरिकों को उनके पूर्व में प्रस्तुत आवेदनों पर विभागीय कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी और नए आवेदन भी लिए जाएंगे। कई मामलों में मौके पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रेलवे अंडरब्रिज ...

इस मार्ग से अब एसईसीएल की कोयला लोडेड ट्रेलरें भी आवाजाही कर रही हैं, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। छठ घाट मार्ग पर बने पुल के पास का रास्ता गड्ढ़ों में तब्दील हो गया है और यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह मार्ग भी बंद हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने गहरी नाराजगी जताते हुए प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने रेलवे ठेकेदार से अपील किया है कि वे जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण कर मार्ग चालू करें। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ-साथ व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से भी अपील की कि वे ठेकेदार को शीघ्र कार्रवाई के लिए निर्देश दें। पूर्व नपाध्यक्ष लालमुनि यादव ने कहा कि सड़क निर्माण के नाम पर मार्ग को इतनी लंबी अवधि तक बंद करना जनता के साथ अन्याय है। ठेकेदार को लोगों की परेशानी समझनी चाहिए और जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर मार्ग खोलना चाहिए। पूर्व जनप्रतिनिधि श्रीमती यादव ने भी इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि इस मार्ग पर हजारों लोगों की निर्भरता है। मार्ग बंद होने से हर वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं, विशेषकर महिलाएं, बुजुर्ग और स्कूल जाने वाले बच्चे। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य नहीं पूरा किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### स्टाफ नर्स कॉलोनी...

पर भी सवाल लोगों के द्वारा उठाए जाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस का भय चोरों में नहीं रह गया है, इसके चलते चोर चोरी की घटना को आसानी से अंजाम दे कर सुरक्षित भाग निकलते हैं सफल हो रहे हैं। लोगों ने कहा कि पटना में पुलिस गश्त करने का भले ही दावा पुलिस करती हो, लेकिन आए दिन चोरी की घटना दावे की पोल खोलने के लिए काफी है। लोगों ने कॉलोनी में कई चोरी की घटनाओं के बाद अस्थाई पुलिस चौकी कालोनी में खोलने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहा कि इन आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें साथ ही नियमित रूप से सभी क्षेत्रों में रात्रि गश्त करें, ताकि अपराधियों में पुलिस का खौफ बना रहे। यदि नियमित तौर पर नगर पटना के सभी क्षेत्रों में पुलिस की गश्ती होगी तो चोरों के हौसले बुलंद नहीं होगी।

### अतिथि शिक्षकों ने...

मूल्यांकन, निर्वाचन, एनएनएस, स्काउट प्रभारी जैसे सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी कर रहे हैं। इसके बावजूद इन्हें ग्रीष्मावकाश अवधि में मानदेय नहीं दिया जाता, न ही कोई अर्जित, आकस्मिक, मातृत्व/पितृत्व या चिकित्सा अवकाश की सुविधा मिलती है। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि राज्य अतिथि शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन (बेसिक 38,100 ग्रेड पे सहित) दिया जाए।12 माह का नियमित वेतन भुगतान किया जाए। ग्रीष्मावकाश अवधि में मानदेय प्रदान किया जाए। समस्त शासकीय अवकाश की सुविधा दी जाए। वर्तमान पदनाम को बदलकर व्याख्याता शिक्षक किया जाए अथवा इनका शिक्षा विभाग में पूर्ण संविलियन किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती रानी युषमा, रेणु पांडेय, जुल्फिकार अली, पिंकी जायसवाल, अखिलेश राय, विवेक पटेल सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

### कच्ची महुआ शराब...

निवासी फाटपानी गदबदी, थाना बैकुंठपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक सफेद झोले में रखे 30 पॉलीथीन पाउचों में कुल 19.5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पोड़ी आरएन गुप्ता, चौकी प्रभारी नागपुर शेषनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक मुमताज खान, आशीष मिश्रा, आरक्षक विनोद तिवारी, आदित्य कुर्रे, आनंद लकड़ा तथा प्रसन्न मोहंती शामिल रही।

### आम और महुआ...

है, जो जागरूकता का परिचायक है। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन का मतलब सुसंगत, सुंदर, सुव्यवस्थित रूप से प्राप्त आवेदनों का समाधान करना है। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट व शीट बेल्ट धारण करने, नशे में वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने सायबर ठग से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान नंबर पर कोई भी जानकारी शेयर न करें, ठगी से सावधान रहने के लिए जागरूक रहने पर बल दिया। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण स्टॉल लगाया गया, जहां ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई। बंजारीडांड़ के अलावा पटमा, गनेशपुर, जिलीबांध, गढ़तर, गोविंदपुर, सोंस, करवा, तामडांड़ और कदमबहरा से काफी संख्या में ग्रामीण, हितग्राही व लाभार्थी पहुंचे रहे। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण किया। 10 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा वितरण, 5 हितग्राहियों को बैशाखी, श्रवण यंत्र, 18 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और एक हितग्राही को मछली जाल वितरण किया गया। यह समाधान शिविर न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीणों में विश्वास और जागरूकता भी बढ़ाई।

## सीताराम मंदिर यज्ञशाला में अखंड मानस पाठ

**वेस्ट चिरमिरी।** डोमनहिल स्थित सीताराम मंदिर यज्ञशाला के स्थापना दिवस 4 अप्रैल को अखंड मानस पाठ का भव्य आयोजन किया गया। अत्यंत भावपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुए इस धर्ममय आयोजन में क्षेत्र की जनता श्रद्धा और भक्ति के साथ उमड़ पड़ी। मंदिर के पुरोहित श्री रवि महाराज और पिंटू पंडित ने धार्मिक अनुशासन और वैदिक विधि-विधान के साथ संपूर्ण आयोजन की अगुवाई की। मानस पाठ के उपरांत भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया, वहीं 5 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि सीताराम मंदिर यज्ञशाला की स्थापना वर्ष 2006 में जन सहयोग से की गई थी, तभी से प्रतिवर्ष यहां अखंड मानस पाठ का आयोजन परंपरागत रूप से होता आ रहा है। आयोजन को सफल बनाने में टीएसआरवी प्रसाद, रामाश्रय उपाध्याय, कृष्णकांत अग्निहोत्री, मुरलीधर चौरसिया, राजेश माणिक और विक्की दास का विशेष योगदान रहा।







